Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 07-05-2007

Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

>

Title: Need to set up an airport in Ajmer, Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : महोदय, देश में अब थल एवं जल यातायात की भांति हवाई यातायात को भी विकसित एवं प्र ोत्साहित करने के लिए सरकारी एवं निजी क्षेत्र जी जान से जुटे हुए हैं। देश में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने तथा तीर्थाटन एवं देशाटन की प्रवृत्ति को हवाई यातायात की दृटि से भी सहज एवं सुलभ बनाये जाने हेतु देश के महत्वपूर्ण प्रेरणादायी तीर्थस्थलों को हवाई यातायात से जोड़ा जाना अत्यंत आवश्यक है।

इस दृटि से देश में आने-जाने वाले पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण तीर्थ अजमेर एवं पुकर हवाई यातायात की सुविधाओं से अभी तक वंचित हैं। देश विदेश से आने वाले पर्यटक तथा तीर्थाटन एवं देशाटनप्रेमी श्रद्धालुजन अजमेर एवं पुकर की क्रमशः जियारत एवं तीर्थयात्रा कर गौरव का अनुभव करते हैं। विदेशों से आने वाले पर्यटक तथा देश के लाखों-करोड़ों धर्म प्रेमी लोग जी वन में एक बार अजमेर तथा पुकर आने की महत्वाकांक्षा रखते हैं। वर्तमान में अजमेर एवं पुकर रेलमार्ग तथा सड़क मार्ग से तो जुड़े हुए हैं, परन्तु हवाई मार्ग से नहीं जुड़े होने के कारण विदेशी पर्यटकों एवं साधन सम्पन्न देशी पर्यटकों को बहुत असुविधा का सामना करना पड़ता है।

पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, मालदीव, दुबई, अफ्रीका आदि देशों से अजमेर आने के लिए लोग अत्यधिक उत्सुक रहते हैं, परन्तु जयपुर उतर कर फिर सड़क मार्ग से अजमेर पहुंचना उनके लिए कटप्रद है। अजमेर में विमानपत्तन सर्वेक्षण टीमों ने कई स्थानों का सर्वेक्षण कर कुछ स्थानों को चिन्हित भी किया है और कई सरकारी घोाणाएं होने के बाद भी हवाई अड्डे की घोाणा का मूर्त रूप नहीं हो पाया है। अजमेर शैक्षिक, भौगोलिक, ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक दृटि से महत्वपूर्ण स्थल है।

अतः मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि अजमेर एवं पुकर को विश्व पर्यटन मानचित्र पर लाने तथा पर्यटन को और भी अधिक बढ़ावा देने हेतु अजमेर में अविलम्ब उपयुक्त स्थान पर हवाई अड्डे की स्थापना कर उसे हवाई यातायात से जोड़ा जाए।